तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जून 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिशु संस्कार केंद्र में हुआ



12 बहुउद्देशीय केंद्र से पहुंच रही हैं सुविधाएं



## खबर संक्षेप

### पिता के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पिता के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड 10 निवासी सूरज जांगड़े ने बताया कि 23 जून को वह अपने घर में था। सुबह करीब 08 बजे अपने छोटे पुत्र कृष्णा जांगड़े को समझा रहा था कि समझाते हुए कामकाज करने के लिए कह रहा था। इसी दौरान बड़ा पुत्र विष्णु जांगड़े डंडा लेकर आया कृष्णा को क्यों डांट रहे हो कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से सिर में मार कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सोने-चांदी के जेवर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम रूढ़ा में एक घर से सोने-चांदी के जेवर समेत 95 हजार की चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 23 जून को हरिश्चन्द्र पटेल पिता धनीराम पटेल (62 साल) रूढा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 23 जून की रात्रि करीबन 12 बजे किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर में घुसकर रखे अलमारी को बाहर निकाल कर उसमें रखे सामान, नगदी रकम 10000 रुपए, पुरानी इस्तेमाली 02 नग सोने का लटकन, 03 नग सोने का अंगूठी, 07 जोड़ी चांदी की पायल कुल कीमत 95000 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक लेकर भाग निकला अज्ञात व्यक्ति

**महासमुंद।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक लेकर भाग जाने के मामले में बागबाहरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को छबिलाल पटेल निवासी पिलवापाली थाना पिथौरा ने बताया कि वह कान्हा राईस मिल पिथौरा में हमाली का काम करता है। 17 जून को दोपहर लगभग 01 बजे अपने काम से पिथौरा आया था। ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति मिला, जिसे वह नहीं जानता, उसने बागबाहरा जाने वाली बस छूट जाने की बात कहकर बागबाहरा तक छोड़ने का अनुरोध किया, इसके बाद प्रार्थी उसे अपनी मोटर सायकल बजाज सीटी 100 क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 8968 से बागबाहरा तक छोड़ने आया। बागबाहरा पहुंचने के बाद उस व्यक्ति ने मुझे काम है कहकर दो मिनट के लिए मोटर सायकल मांगी, जिस पर मैंने उसे मोटर सायकल दे दी और वह व्यक्ति मोटर सायकल लेकर चला गया और बहुत देर तक वापस नहीं आया। बागबाहरा पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 316(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# यात्री सुरक्षा के मानकों को पूरा करने वाले वाहनों का होगा परिचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

यात्रियों की सुरक्षा की अनदेखी करने वाले बसों परक अब यात्री नही ढोए जा सकेंगे। नियमों की अनदेखी, फिटनेस मानकों में लापरवाही और बस स्टैंड में बढ़ती अव्यवस्था के बीच विभाग द्वारा लंबे समय से संचालित नही किए जाने वाले बसों की जांच शुरु कर दी है। इनमें खामियां मिली तो परमिट निरस्त करने की कार्रवाई होगी।

बस स्टैंड और अन्य स्थानों पर लंबे समय से खड़ी अनुपयोगी बसों की जांच के विषय में विभाग की मानें तो जिले से करीब 250 यात्री बसों का संचालन रायपुर, बागबाहरा, राजिम, सरायपाली, कसडोल और सिरपुर सहित विभिन्न मार्गों पर होता है। इनमें से कई बसें वर्षों पुरानी हो चुकी हैं। बसों की सीटें टूटी हुई हैं, अंदरूनी सुविधाएं बदहाल हैं और सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपकरण भी नहीं हैं। इसके बावजूद ऐसी बसें यात्रियों को ढो रही हैं या बस स्टैंड में जगह घेरकर खड़ी हैं। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि बसों में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन निकास द्वार और किराया सूची जैसी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। कई बसों में इन नियमों का पालन नहीं होने की शिकायतें सामने आई हैं। विभाग फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा कर सकता है। दरअसल, अभी तक यात्री बसों के खिलाफ सख्ती से अभियान नहीं चलाया गया है।

परिवहन विभाग के अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि लंबे समय से बिना संचालन के खड़ी बसों की जांच शुरू कर दी गई है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने और लंबे समय तक उपयोग में नहीं रहने की स्थिति में परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## अनुपयोगी बसों की जांच जारी और अनफिट बसों के परमिट रद्द करने की तैयारी

### कुछ दिन अभियान, फिर लौट आती है पुरानी तस्वीर

परिवहन विभाग समय-समय पर जांच अभियान चलाता है और बसों की मॉनिटरिंग भी की जाती है, लेकिन कार्रवाई की रफ्तार अक्सर कुछ दिनों बाद धीमी पड़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि जर्जर और नियमविरुद्ध बसें फिर से सड़कों पर दिखाई देने लगती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी और कड़ी कार्रवाई हो तो परिवहन व्यवस्था में बड़ा सुधार संभव है।



### सड़क-गलियां बन रहीं अस्थायी पार्किंग

शहर के बस स्टैंड में जगह की कमी अब गंभीर समस्या बन चुकी है। निर्धारित पार्किंग क्षेत्र छोटा पड़ने के कारण कई बसें रात के समय आसपास की खाली जगहों, सड़कों और गलियों में खड़ी की जाती हैं। बस स्टैंड के पास सब्जी बाजार होने से सुबह के समय मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी बढ़ जाती है। ऐसे में बसों और मालवाहक वाहनों के दबाव से अक्सर जाम की स्थिति बनती है। राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग लंबे समय से बस स्टैंड के विस्तार की मांग कर रहे हैं।

**उठे सवाल:** पटेवा का मामला अब तक अनसुलझा, खल्लारी में फिर मिली महिला की अधजली लाश

# जिले में लगातार दफन की जा रही लाशें, सुरक्षित ठिकाना बना जिला!

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पिछले कुछ समय से बाहरी, स्थानीय और अज्ञात लोगों की लाशें हत्या के बाद दफन किए जाने या ठिकाने लगाए जाने की लगातार गतिविधियां लगातार सामने आ रही है। खासकर महिलाओं के शव मिलने की लगातार घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में हाल ही में हत्या कर शव को छिपाने के कई मामले सामने आए हैं, जिससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं जिले को सेफ जोन मानकर अपराधियों से इसे लाशों को ठिकाना लगाने का अड्डा बना लिया है।

सबसे पहले नांदगांव-मुढ़ैना क्षेत्र में मंदिर हसौद के युवक की हत्या कर लाश ठिकाने लगाए जाने की घटना सामने आई। युवक लाश रेत में गाड़ दी गई थी। हालांकि, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपियों तक पहुंच भी गई। लेकिन, इसके बाद इसी प्रकार के सामने आए दो अन्य मामलों ने फिर नए सवाल खड़े कर दिए।

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने पुलिस के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। सबसे बड़ी चुनौती अज्ञात शवों की पहचान करना और यह पता लगाना है कि अपराध जिले में हुआ या शव कहीं और से लाकर यहां फेंका गया। जांच एजेंसियों को अब विभिन्न जिलों और राज्यों से गुमशुदगी के मामलों का मिलान करना पड़ रहा है। साथ ही मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और फॉरेंसिक साक्ष्यों के जरिए सुराग तलाशे जा रहे हैं।

### खास बातें

- लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने पुलिस के सामने कई चुनौतियां
- सेफ जोन मान कर लाशों को ठिकाना लगाने का बना रहे अड्डा


अपराध : पार्षद समेत चार गिरफ्तार, निशानदेही पर शव निकाल भेजा पीएम के लिए
पार्षद को पानी की समस्या बताई तो हत्या कर दफन कर दी लाश


सड़क के किनारे खेत में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

### पटेवा में खेत में मिली थी महिला की लाश

पटेवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक खेत में अज्ञात महिला का शव मिला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। महिला की शिनाख्त तो हो गई लेकिन, इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नही हो पाई है। यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शुरुआती जांच में ही ठोस प्रगति होती, तो शायद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते।

### अब खल्लारी क्षेत्र में मिली अधजली महिला की लाश

पटेवा मामले की जांच पूरी नही हुई और आरोपियों तक भी नही पहुंचा जा सका है वहीं खल्लारी थाना क्षेत्र में एक और महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला का शव रेत में दबा हुआ मिला तथा शव के कुछ हिस्से जले हुए बताए जा रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि पहचान छिपाने अथवा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाने का प्रयास किया गया होगा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी गई।

### क्या जिले में बढ़ रहा है शव छिपाने का चलन?

विशेषज्ञों का मानना है कि किसी अपराध के बाद शव को खेत, जंगल, नदी किनारे या रेत में छिपाने का प्रयास आमतौर पर तब किया जाता है जब आरोपी पहचान छिपाना चाहता हो या जांच को भटकाने की कोशिश कर रहा हो। जिले में हाल के दिनों में सामने आए। मामलों में एक समानता नजर आ रही है। शवों को सुनसान स्थानों पर फेंका या दबाया गया। पहचान मिटाने के प्रयास के संकेत मिले। घटनास्थल और अपराध स्थल अलग-अलग होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# नाला के रेत में दबी मिली युवती की हुई शिनाख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र में नाले किनारे रेत में दबी मिली युवती की लाश की पहचान हो गई है। मृतका की पहचान ग्राम झारा निवासी 18 वर्षीय भारती टंडन के रूप में हुई है। झारा-रामखेड़ा मार्ग स्थित नाला के पास 22 जून को रेत में दबी अवस्था में एक युवती का शव मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। युवती के सिर पर करीब 6 इंच लंबा और गहरा घाव मिला है। जिससे उसके सिर की खोपड़ी टूट गई। 19 जून को उसने अपना 18वां जन्मदिन मनाया था। मौके पर शव का कुछ हिस्सा रेत से बाहर दिखाई दे रहा था, जबकि शरीर का अधिकांश हिस्सा रेत के अंदर दबा हुआ था। घटनास्थल से एक लेडीज चप्पल भी बरामद होने की जानकारी सामने आई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतका की पहचान ग्राम झारा निवासी भारती टंडन पिता श्यामलाल टंडन के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक भारती के लापता होने की शिकायत 19 जून को खल्लारी थाना में दर्ज कराई गई थी। जानकारी के मुताबिक, भारती टंडन ने 11वीं पास कर 12वीं क्लास में एडमिशन लिया था। वह तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। परिवार का कहना है कि, 19 जून को उसने अपना जन्मदिन मना। उसी रात करीब 3 बजे वह अचानक घर से लापता हो गई। बताया जा रहा है कि भारती का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आशंका जताई गई है कि जन्मदिन पर वह देर रात उस युवक से मिलने घर से निकली होगी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। युवती के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने 20 जून को रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने खल्लारी थाने पहुंचकर भारती की गुमशुदगी दर्ज कराई।

### परिजनों ने की जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

परिजनों ने बताया कि 18 जून को भारती ग्राम रामखेड़ा निवासी पुष्पेंद्र सेन के यहां गई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने प्रेमी समेत 4 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला प्रेम प्रसंग और कुकर्म के बाद हत्या से जुड़े होने की आशंका है। घटना खल्लारी थाना क्षेत्र के झारा गांव की है। पुलिस इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच कर रही है। वहीं परिजन युवती की मौत के कारणों का जल्द खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती का शहादत दिवस आज, सीएम साय होंगे शरीक



**महासमुंद।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ महासभा एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक कार्मचारी संघ व सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 24 जून को वीरांगना महारानी दुर्गावती का 462वां शहादत दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम का जिला मुख्यालय आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद रुपकुमारी चौधरी, योगेश्वर राजू सिन्हा (विधायक महासमुंद), संपत अग्रवाल (विधायक बसना), चंद्रहास चन्द्राकर (अध्यक्ष बीज विकास निगम), इंद्रजीत सिंह गोल्डी (आयुक्त राज्य स्काउट गाइड), पूनम चंद्राकर (पूर्व राज्यमंत्री), विमल चोपड़ा (पूर्व विधायक), ऐतराम साहू (जिला अध्यक्ष भाजपा), भीखम सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष जिला पंचायत), दिशा रामस्वरूप दीवान (अध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद), निखिलकांत साहू (अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद), आरएन ध्रुव (प्रांताध्यक्ष अजजा शा.से.वि. संघ छग), कमलेश ध्रुव (अध्यक्ष केंद्रीयय गोंड महासभा धमधागढ़) होंगे।

# चोरी के तीन आरोपियों से 6 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के बसना पुलिस ने बाइक चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 बाइक बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि बसना पुलिस ने तत्परतापूर्वक वाहन चोरी के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने न केवल आरोपियों को दबोचा, बल्कि भारी मात्रा में चोरी गई संपत्ति भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। 22 जून को प्रार्थी परमानंद साव पिता गोपाल साव निवासी ग्राम आमापाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 जून के रात्रि करीब 01:30 बजे प्रार्थी ने अपनी बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचडी 6755 को अपने घर के सामने खड़ी कर अंदर सोने चला गया था। रात में नींद खुलने पर उठा तो देखा कि मोटर सायकल गायब थी, आसपास पता तलाश करने पर पता नहीं चला। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोर की तलाश के लिए मुखबीर लगाये गये। विवेचना के दौरान दिनांक 23 जून को मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड बसना से संदेही अशोक कुमार साहू पिता रितेश कुमार साहू, डिजेश्वर यादव और अनुराग दास पिता पहरू दास को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपियों ने प्रार्थी के घर के सामने से मोटर सायकल चोरी करना तथा अन्य 5 गाड़ियां भी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के संयुक्त बयानों और निशानदेही पर कुल 06 चोरी की मोटर सायकलें बरामद की गईं, जिनकी कीमत 3 लाख 20 हजार रुपये से अधिक बताई गई है।

## जुआ खेल रहे छह लोगों पर कार्रवाई



**महासमुंद।** ग्राम तरेकेल बाघमडा रोड के पास झंडा मुंडा गोटी नामक जुआ खेल रहे छह लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस न बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम तरेकेला बाघमडा रोड में झंडा मुंडा गोटी नाम का जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर 06 लोगों को को पकड़ा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम वृंदावन पटेल पिता द्वारिका प्रसाद पटेल (44 साल) पडकीपाली थाना सिघोड़ा, पुरुषोत्तम पटेल पिता खगपती पटेल (35 साल) तरेकेला थाना बसना, कृपादास पिता भगत दास वैष्णव (41 साल) दुरुगपाली थाना बसना, विद्या सागर प्रधान पिता नयन प्रधान (32 साल) दुरुगपाली थाना बसना, पदमलोचन प्रधान पिता अराधन प्रधान (40 साल) दुरुगपाली थाना बसना, प्रदीप डडसेना पिता डंकाधर डडसेना (45 साल) दुरुगपाली थाना बसना होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फड़ से नकदी रकम 23990 एवं 06 नग मोबाइल कीमत 23000 एवं 03 नग मोसा पुरानी इस्तमाली कीमत 60000 रुपए एवं झंडी मुंडी पटटी एवं झंडा मुंडा गोटी कुल उपरोक्त कीमत 1,06,990 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 3 (2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**सीएम साय ने इस उपलब्धि को छग के लिए बताया उत्साहजनक**

# बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में मिला 5 हीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





जिले के सरायपाली क्षेत्र स्थित बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में वैज्ञानिक अन्वेषण के दौरान हीरों की प्राप्ति ने प्रदेश को खनिज संपदा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड द्वारा 200 टन बल्क सैंपल के परीक्षण एवं प्रसंस्करण के बाद कुल 5 हीरे प्राप्त हुए हैं, जिनका कुल वजन 1.22 कैरेट है। यह उपलब्धि क्षेत्र में हीरा खनिजीकरण की संभावनाओं की पुष्टि करती है तथा भविष्य में बड़े पैमाने पर निवेश, राजस्व सृजन और रोजगार के नए अवसरों का आधार बन सकती है।

एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड द्वारा राज्य शासन को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, बलौदा-बेलमुंडी क्षेत्र में किए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण, स्ट्रीम सेडिमेंट सैंपलिंग, भू-भौतिकीय अध्ययन तथा अन्वेषण ड्रिलिंग के आधार पर चिन्हित क्षेत्र से लगभग 200 टन खनिज सामग्री का बल्क सैंपल एकत्रित कर परीक्षण किया गया। प्रसंस्करण के पश्चात प्राप्त पांच हीरों में दो जेम क्वालिटी तथा तीन अन्य श्रेणी के हीरे शामिल हैं। सीएम साय ने इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए उत्साहजनक बताया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रारंभिक चरण में प्राप्त यह सफलता भविष्य के विस्तृत अन्वेषण कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण संकेत है। इससे क्षेत्र की भूगर्भीय संरचना, संसाधन क्षमता और संभावित भंडारों के संबंध में व्यापक अध्ययन का मार्ग प्रशस्त होगा। आगामी सर्वेक्षणों एवं परीक्षणों से क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का अधिक सटीक आकलन किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में किए गए बल्क सैंपल परीक्षण के परिणामस्वरूप प्राप्त हीरों को सुरक्षित अभिरक्षा में एनएमडीसी के पन्ना स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है तथा आगे की कार्रवाई नियमानुसार और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप की जाएगी।

# पिकअप की टक्कर से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिकअप की टक्कर से साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस को डोमन ध्रुव निवासी ग्राम बोरियाझर ने बताया कि 21 जून को शाम करीब 04.55 उसे सूचना मिली कि ग्राम झालखमरिया पुल के पास में चचेरे भाई जगदीश ध्रुव का एक्सीडेंट हो गया है।

सूचना मिलने पर वह एनएच 353 रोड पुल के पास ग्राम झालखम्हरिया के पास पहुंचा, मौके पर गांव के संतोष साहू एवं हेमंत साहू ने बताया कि जगदीश ध्रुव अपने साइकिल से सेलून जा रहा था कि शाम करीबन 04.50 बजे एनएच 353 रोड पुल के पास ग्राम झालखम्हरिया के पास बागबाहरा रोड की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 06 एचई 2743 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर जगदीश ध्रुव को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके सिर, पेट एवं बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई थी, जिसे इलाज हेतु 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी के आरोपी को 10 साल कैद, जुर्माना भी

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की कोर्ट ने 10 वर्ष कैद के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उत्तरप्रदेश, मेरठ निवासी अंकित जाटव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने अंकित के कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त की थी। आरोपी गांजा तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में था।

### बायो एनर्जी में चोरी, चार नाबालिगों समेत 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र के एक बायो एनर्जी कंपनी में लाखों रुपए का माल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार नाबालिगों सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बेंद्री स्थित धनीराम बायो एनर्जी के सुपरवाइजर गोपाल मिश्रा की शिकायत पर पुलिस ने संदीप निषाद तथा उसके चार अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। सुपरवाइजर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रविवार को अज्ञात आरोपी कंपनी के अंदर प्रवेश कर 16 नग लाइट, 100 फीट केवल, वेल्डिंग मशीन, ग्रेंडर, ब्लूवर, ड्रिल मशीन, 4 बंडल वायर, डब्ट का पूरा सेट, चाईना मशीन के पाट्‌र्स चोरी कर ले गए थे।

### किशोरी से रेप मामले में आरोपी को 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व किशोरी को धमकी देकर रेप करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश अनिता ध्रुव की फास्ट ट्रैक पाक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सुनीता साहू के अनुसार, कोर्ट ने मनोज महिलांग को कैद की सजा सुनाई है। किशोरी के पिता ने 4 जून 2025 को मनोज के खिलाफ अपनी बेटी के खिलाफ रेप करने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर रेप करता था। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को अपनी बेटी के साथ रेप होने की जानकारी मिली।

# मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय टाउन हॉल परिसर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका एवं नपा उपाध्यक्ष देवचंद राठी सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता, अखंडता और



राष्ट्रवाद के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रेरणास्त्रोत है। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू जी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का संकल्प लेकर राष्ट्रीय एकता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारत की अखंडता और संप्रभुता के लिए अमूल्य योगदान है। उनके विचार आज भी देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक दूरदर्शी नेता, शिक्षाविद और प्रखर राष्ट्रवादी थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन संघर्ष, त्याग और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण है। युवाओं को उनके राष्ट्रवादी को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संदीप दीवान, एमआर विश्वनाथन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ट, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अरविंद प्रहरे, राजेंद्र राजू चंद्राकर, महेंद्र जैन, पीयूष साहू, हिमांशु चंद्राकर, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यादव, माखन पटेल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, भगवती करकसे, नंदू जलछत्री, पूर्व पार्षद विशाल, हनीश बग्गा, नईम खान आदि मौजूद रहे।

# मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति और त्याग की प्रेरक मिसाल : पुष्पलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा छुईपाली मंडल द्वारा बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनके पुण्यतिथि के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पलता चौहान व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्वासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा ली।

कार्यक्रम में पुष्पलता चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी और जनसंघ के संस्थापक के रूप में हमारे देश में एक संविधान एक विधान और एक निशान का समर्थन आजीवन करते रहे। उनके बताए हुए मार्ग पर हम सभी चलकर भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं। उन्होंने बताया कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान 23 जून 1953 को कश्मीर की जेल में हुआ था। इसलिए हर साल उनका बलिदान दिवस मनाया जाता है।

पुष्पलता ने कहा डॉ. मुखर्जी ने एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का प्रखर उद्घोष कर जम्मू-कश्मीर को देश का अभिन्न अंग



बनाने के संघर्ष में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। देश की एकता और अखंडता के लिए जब-जब संघर्ष की गाथाएं लिखी जाएंगी, तब-तब उनका नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा।

कार्यक्रम में बलिदान दिवस पर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री रमेश नायक, अजजा मोर्चा जिला मंत्री अन्तराम बिशी, महामंत्री धनिराम पटेल, संजय प्रधान, उपाध्यक्ष दयानिधि जाल, सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम भाई, प्रसन्न प्रधान, कैलाश साहू, प्यारी लाल साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश यादव, महामंत्री शीशुपाल साहू, किसान मोर्चा महामंत्री अयोध्या प्रसाद चौधरी, भरत पटेल, डमरूधर पटेल, ह्दयराम नायक, एसपी चौहान, जनपद प्रतिनिधि महेश बरिहा, शत्रुघन भोई आदि मौजूद रहे।

# अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य के लिए अतिआवश्यक : विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हारपारा में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्कूल में स्वागत करते हुए निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्यपुस्तक देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बच्चों से कहा कि आप अपने जीवन के बहुत महत्वपूर्ण साल की शुरुआत कर रहे हैं। आप सभी को प्रतिदिन स्कूल आकर पढ़ाई करना है। कड़ी मेहनत



और लगन से जीवनपथ में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह बच्चें देश का भविष्य हैं, हमारे देश के भविष्य को संवारने के लिए बुनियादी शिक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए मैं शिक्षकों से भी निवेदन करता हूं कि आप भी कड़ी मेहनत से बच्चों को इस काबिल बनाएं कि वह देश के उज्ज्वल भविष्य का हिस्सा बने। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पालकगण से भी बच्चों की शिक्षा के प्रति ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता पवन पटेल, संदीप दीवान, रामेश्वर पटवा, स्कूल स्टाफ सहित पालकगण उपस्थित रहें।

# मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा स्थानीय गार्डन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने उनके राष्ट्रहित में किए गए कार्यों और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि पंडित मुखर्जी का संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने राष्ट्र की एकता और समानता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान उपस्थित



भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सह कोषाध्यक्ष प्रीतराम सूर्या, मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक वेद प्रकाश गोयल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम कंवर सिन्हा, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री वर्षा सोनी, मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री जीवन तांडी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गेश सिन्हा, युवा मोर्चा महामंत्री रोमन साहू, पोलेश मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कुलजीत आजमानी, पार्षद संतोष डड़सेना, डॉ. संजय गोयल, विधायक प्रतिनिधि मुन्नू पांडे, किशोर पटेल, सालिकराम डड़सेना, पुष्पराज गजेंद्र, रामचंद्र, मुन्ना, डिगेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं जयंती नेताम, डिगेश सिदार, लोकेश्वरी दीवान, दिनेश कुमार दीवान का चयन प्रतिष्ठित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे ग्राम में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में छात्र/छात्राओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने छात्र/छात्राओं की मेहनत, अनुशासन एवं लगन की सराहना की है। प्रधान पाठक गिरधारी साहू ने कहा कि यह सफलता अन्य



विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की नियमित तैयारी के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वहीं शिक्षक वीरेंद्र कुमार कर ने बताते हुए कहा कि सत्र 2026-27 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में विद्यालय के दो छात्रों में प्रियांश साहू ने पूरे 100 में 100 प्रतिशत महासमुंद जिले प्रथम स्थान तथा जयंती नेताम ने 99 प्रतिशत हासिल कर 12 वें स्थान प्राप्त किया, जो प्राथमिक विद्यालय करनापाली के लिए ही नहीं पूरे जिले महासमुंद के लिए गर्व का विषय रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नवोदय, एकलव्य एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।



### गोंगल में मनाया गया मुखर्जी का बलिदान दिवस

**झलप।** भारतीय जनता पार्टी झलप मंडल शक्ति केंद्र के ग्राम गोंगल बूथ में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने बलिदान दिवस की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के बीच में रखा। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रूप लाल पटेल, मंडल महामंत्री सरपंच झलप राकेश साहू, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा निर्भय नायक, मंडल उपाध्यक्ष डोमन यादव, कुलजीत सलूजा, ताराचंद पटेल, मंडल मंत्री पोतदार सोनवानी, राजा अग्रवाल, मोर्चा अध्यक्ष तुकाराम कोसरे, संतोष पंडा, प्रवीण साहू, भोजराम ध्रुव, यशवंत भारत ठाकुर, महेंद्र मरकाम, सतीश मार्कंडेय, अनिल ध्रुव, रोहित पटेल, चैतराम पटेल, ग्राम की सरपंच दुर्गा पटेल, राधा साहू, मुकेश्वरी साहू, लीला पटेल, जमुना, पद्मनी, वंदना पटेल, जमुना पटेल, भागवत साहू, ईश्वर साहू, हितेश साहू, कृष्ण साहू, संतोष पटेल, परमानंद मिरी, पिंटू साहू, भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### एकलव्य विद्यालय के लिए दो छात्रों का चयन, किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा के दो छात्र लुकेश कुमार दीवान एवं गिरीश कुमार दीवान का एकलव्य विद्यालय में चयन हुआ है। विद्यालय के संयोजक नेकेश देवांगन, प्रधानाचार्य मायाराम ध्रुव, वरिष्ठ आचार्य तिलक चंद साहू, रेवती यादव, अमृता सेन, नर्मदा दीवान, मीना चक्रधारी आदि ने दोनों छात्रों का चंदन लगाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही छात्रों के चयन पर हर्ष जताया।

# मंत्रालय में 145 पदों पर होगी संविदा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रालय में कनिष्ठ संवर्ग में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने संविदा नियुक्ति करने का फैसला किया गया है। कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड 3 के 145 पदों पर ये नियुक्तियां की जाएंगी। ये पद अनुभवी व पुराने रिटायर्ड कर्मचारियों से भरे जाएंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने भर्ती प्रक्रिया तय कर दी है। एसीएस पंचायत ग्रामीण विकास, प्रमुख सचिव विधि और सचिव जीएडी प्रकोष्ठ की बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार जुलाई 25 से नियमित नियुक्ति व्यापम में लंबित होने की वजह से संविदा नियुक्ति का निर्णय लिया गया है। बताया गया है कि अत्यधिक संख्या में पद रिक्त होने से कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पद की तत्काल पूर्ति किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अतः पदों की रिक्तता, सचिवालयीन विभागों द्वारा की जा रही उक्त पदों की मांग छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 अथवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर भरे जाने पर विचार किया जा सकता है।

### किराया दर ज्यादा और पहली मंजिल पर कमरा होने से बिदक रहे व्यवसायी

# अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के फर्स्ट फ्लोर पर 25 बड़े कमरे पांच बरस से खाली

**जोन 6 कमिश्नरी ने निगम मुख्यालय को नई निविदा जारी करने भेजा प्रस्ताव, नियम शिथिलीकरण का आग्रह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम द्वारा राजधानी के भाठागांव में 49 करोड़ की लागत से नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के प्रथम तल पर निर्मित 25 बड़े कमरे 5 साल से खाली पड़े हैं। नगर निगम ने इसके लिए साल 2020 से लेकर अब तक तीन बार टेंडर किया, इसके बाद भी बड़े आकार के इन कमरों को आफिस या दुकान के लिए प्रापर रिस्पांस नहीं मिला। अब चौथी बार नगर निगम जोन 6 कमिश्नरी ने पहली मंजिल पर निर्मित दो दर्जन से अधिक कमरों को किराए पर देने नई निविदा जारी करने का प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को भेजा है, जिसमें किराए की दर में संशोधन और नियम शिथिलीकरण कर वन टाइम सेटलमेंट का सुझाव दिया गया है। भाठागांव अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल में पिछले पांच साल से खाली पड़े 25 व्यवसायिक कमरों



### सेकेंड फ्लोर की 16 डोरमेट्री के लिए रीजनल पासपोर्ट आफिस से चल रही बात

प्रदेश के सबसे बड़े हाईटेक बस टर्मिनल के सेकेंड फ्लोर पर 16 डोरमेट्री एक अरसे से खाली पड़ी है। इस डोरमेट्री वाली जगह पर आफिस के लिए रीजनल पासपोर्ट आफिस वालों ने रुचि दिखाई है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक संबंधित विभाग की टीम ने आकर स्पॉट का अवलोकन कर लिया है। इसी तरह चौथे तल पर स्थित ओपन स्पेस के लिए फारेनर रीजनल रजिस्ट्रेशन आफिस खोलने की डिमांड आई है।

को किराए पर देने नगर निगम एक बार फिर प्रयास करने जा रहा है। जोन 6 कार्यालय ने नई निविदा जारी करने का प्रस्ताव निगम मुख्यालय को भेज दिया है, प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जल्द टेंडर जारी होगा। सूत्रों के मुताबिक अधिकांश कमरे बस टर्मिनल की पहली मंजिल पर स्थित हैं। व्यापारियों का मानना है कि वहां ग्राहकों के पहुंचने की संभावना कम है, जिससे व्यवसायिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

विदित हो, शुरुआत में निकाली गई निविदा में सालाना 6 लाख रुपए किराया, इसके बाद दूसरी निविदा में 5 लाख सालाना किराया और बाद में 20 हजार रुपए प्रति माह की दर तय की गई, लेकिन इन निविदाओं को प्रापर रिस्पांस नहीं मिल पाया। इस वजह से 2 दर्जन से अधिक व्यवसायिक कमरे खाली रह गए। इससे नगर निगम को हर साल लाखों रुपए का नुकसान किराए के रूप में हो रहा है। इसे देखते हुए अब किराए की दरों और शर्तों में संशोधन पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही वन टाइम सेटलमेंट का सुझाव भी दिए गए हैं।

# मितानिन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी दी


मितानिन कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव के प्रशिक्षण कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं समन्वयकों की क्षमता वृद्धि तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं गैर-संचारी रोगों से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में विकासखंड तुमगांव, बागबाहरा एवं पिथौरा के ब्लॉक समन्वयक, स्वस्थ पंचायत समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक तथा मितानिन हेल्प डेस्क के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नवीन कार्यप्रणाली, सामुदायिक सहभागिता, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. आई नागेश्वर राव ने कहा कि मितानिन कार्यक्रम समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी, कुष्ठ तथा गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में मैदानी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करते हुए शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीपी सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, बेहतर समन्वय और सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रमों की प्रगति, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी विकास चंद्राकर, आरएमएनसीएच सलाहकार अनुपम शर्मा, कुष्ठ सलाहकार एकेश्वर शुक्ला, टीबी सलाहकार उत्तम वास, जिला आयुष्मान सलाहकार पृथ्वी साहू सहित स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, विखं स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के तहत स्थायी प्रतीक्षा सूची निर्माण के लिए हुआ दिशा-निर्देश सह प्रशिक्षण

**महासमुंद।** आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के अंतर्गत प्राप्त सिस्टम जनरेटेड सूची से स्थायी प्रतीक्षा सूची निर्माण के संबंध में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में जनपद पंचायत महासमुंद क्षेत्र के सरपंच एवं सचिवों का दिशा निर्देश सह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने 24 जून को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त पात्र हितग्राहियों की सूची का ग्राम सभा में सत्यापन, अनुमोदन तथा स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सूची निर्माण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमबद्ध तरीके से संपादित की जाए। उन्होंने सभी सरपंचों एवं सचिवों को कहा कि ग्राम सभा में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों का निष्पक्ष चयन किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सूची निर्माण एवं ग्राम सभा संचालन से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप



### कमारडेरा व रैताल में कराया योगाभ्यास

**खल्लारी।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सनातन योग वैलनेस फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत भीमखोज अंतर्गत ग्राम कमारडेरा एवं ग्राम रैताल में योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में योग आचार्य आर्य प्रकाश चंद्राकर ने योग अभ्यास कराया एवं नियमित योग करने प्रेरित किया। आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में कमार डेरा के ग्रामीणों के साथ सरपंच व सचिव सहित जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, द्रोण पटेल, पप्पू सवरा, ग्राम रैताल ग्राम प्रमुख सुरेश पटेल, पंच महेंद्र ध्रुव, पूरन संवरा, मीडिया प्रभारी महामंत्री ताराचंद साहू, लुकेश्वर संवरा, सोनऊ कमार, इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 30 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 जून 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शासकीय आईटीआई, ग्राम लभराखुर्द में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उपसंचालक रोजगार डॉ. शशि अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्थाएं स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी एनआईटी लिमिटेड, प्रेम सोलर एनर्जी एंड इंटरप्राइजेज, यूनिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड तथा एलआईसी महासमुंद द्वारा भर्ती की जाएगी।



### मोदी के 12 साल होने पर आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के पर मंडल स्तरीय रंगोली, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सोनासिली में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में जिला मंत्री सुशीलकांति पटेल रही। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बीना बाई सोना, महामंत्री शिवांगी दुबे, लीना साहू आदि मौजूद रही।

### मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत की अखंडता और एकात्मता के लिए अपना सर्वश्व समर्पित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, लता चंद्राकर, पारू चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

**चर्चा:** शेष किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के भी दिए निर्देश

# समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर लंगेह ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**जिले के किसानों को धान के रकबे में कमी कर वैकल्पिक फसलों की ओर प्रोत्साहित करने पर दिया जोर, सीएम हेल्पलाइन 1076 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने कहा**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शेष लगभग 26 हजार किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा। जिले में अब तक 758 आवेदन प्राप्त होने की जानकारी भी बैठक में दी गई। एल 1 स्तर पर 319 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिसमें नागरिकों का फीडबैक शेष है। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में लॉगिन कर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा किसानों को खाद वितरण के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने यूरिया एवं डीएपी के संतुलित उपयोग के साथ नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सहकारी समितियों में उपलब्ध खाद के स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने जिले के बड़े किसानों को धान के रकबे में कमी कर वैकल्पिक फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के लगभग 8, 500 किसानों के बीच ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं आरईएओ लगातार संपर्क कर फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करें, जिससे जल संरक्षण और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। बैठक में धान उपार्जन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शेष धान के उठाव तथा राइस मिलों द्वारा चावल जमा कराने की प्रगति पर भी चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।




### ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से पटवारी रहे उपस्थित

कलेक्टर ने कहा कि 24 जून को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में सभी पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सीमांकन, अविवादित खाता विभाजन एवं अन्य राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों में विशेष अभियान चलाकर तेजी लाई जाए। समय सीमा का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी एसडीएम को सेवा सेतु केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समय-सीमा में जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ई-फाइल प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू हो चुकी है तथा मैनुअल फाइल संचालन प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभागों को ई-ऑफिस एवं ई-फाइल प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिशु संस्कार केंद्र में हुआ योगाभ्यास



**महासमुंद।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस शिशु संस्कार केंद्र उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में चंद्रकांता ठाकुर, उमा समद्दर, श्रद्धा सोनी एवं किरण निषाद के निर्देशन में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। शिक्षकों द्वारा त्रिकोणासन, कटि चक्रासन, पद्मासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, ताड़ासन, धनुरासन, सर्वांगासन सहित प्राणायाम के अंतर्गत कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं शवासन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भावना गांधी ने योगासनों के लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। नियमित योगाभ्यास से जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता एवं ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने तथा योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में भीगा हुआ चना एवं मूंग वितरित किया गया।

## कलेक्टर ने की आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आर्मी अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सेना के सहयोग, संसाधनों की उपलब्धता तथा समन्वय व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, जम्मू कश्मीर रायफल के मेजर ऋत्विक सिंग, गोरखा रायफल के मेजर अंकुर तिवारी, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि मानसून के दौरान जिले के संवेदनशील एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम करने के लिए सभी विभागों को पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक उपकरणों, नावों, संचार व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन टीमों की तत्परता की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों की सूची तैयार कर सतत निगरानी रखने, सुरक्षित स्थानों की पहचान कर वहां लोगों को पहुँचाने की पूर्व योजना बनाने, बचाव कार्यों के लिए उपकरणों एवं नावों को क्रियाशील रखने एवं प्रशिक्षित बचाव कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आमजन से भी मौसम संबंधी चेतावनियों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। कलेक्टर ने संवेदनशील एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में आवश्यक खाद्यान्न, नमक, केरोसीन तथा जीवन रक्षक दवाइयों का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के साथ पेयजल के स्रोतों की सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। नगरीय क्षेत्रों में नालों की नियमित सफाई एवं जल निकासी हेतु पंपों की व्यवस्था, बड़ी नदियों के जलस्तर की सतत निगरानी तथा जलाशयों से जल प्रवाह की सूचना समय पर निचले क्षेत्रों को प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने राहत शिविरों में भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और बाढ़ से होने वाली क्षति की दैनिक जानकारी निर्धारित करने कहा।

## बहुउद्देशीय केंद्र से पहुंच रही हैं सुविधाएं

### विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे कमार परिवार, मिली सुविधाओं की नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के जीवन में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित कमार परिवार अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। यहां स्थापित बहुउद्देशीय केंद्र से कमार जनजातियों को आसानी से सुविधाएं और सहुलियत पहुंच रही है। योजना के तहत जिले के कमार बहुल ग्राम धनसुली में साल 2024 में बहुउद्देशीय केंद्र बनाने की स्वीकृति मिली थी। धनसूली में कमार की जनसंख्या 86 हैं। वहीं गांव में कमार परिवार की संख्या 20 है। जुलाई 2025 से गांव में बहुउद्देशीय केंद्र संचालित संचालित हो रहा है। इन केंद्रों में आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन की सुविधा उपलब्ध है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देकर उनके भविष्य की मजबूत नींव तैयार की जा रही है। वहीं इस भवन में बने स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र में कमार परिवारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है और निःशुल्क दवाई वितरण भी की जाती है।

योजना की शुरुआत में जिला प्रशासन द्वारा कमार जनजाति की बस्तियों का व्यापक सर्वेक्षण कराया गया था। सर्वे में सामने आया कि बड़ी संख्या में परिवार आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते और जाति प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों से वंचित थे। साथ ही कई बस्तियों में सड़क, बिजली, पेयजल, आवास और आंगनबाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। सर्वे के आधार पर तैयार कार्ययोजना के अनुसार शासन द्वारा दो बहुउद्देशीय केंद्रों की स्वीकृति दी गई, जो अब संचालित हो रही है। इन केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए खेल परिसर, ओपन जिम और किचन गार्डन जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। पिथौरा विकासखंड के भिथीडीह में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया है।

## फुलझरिया लोहार विश्वकर्मा समाज का हुआ चुनाव



**अरंड (पिथौरा)।** छत्तीसगढ़ फुलझरिया लोहार विश्वकर्मा समाज का पहला चरण ब्लॉक चुनाव छुरा ब्लॉक के कोसमबुड़ा के महादेव घाट में हुआ। जिसमें प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ फुलझरिया लोहार विश्वकर्मा के प्रदेश अध्यक्ष शिवलाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष बेदराम विश्वकर्मा, मुख्य सचिव रामदुलारे विश्वकर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशान्त भागीरथी विश्वकर्मा, कोकीला जगत, नीलकण्ठ विश्वकर्मा, प्रदेश संचालक वीणा प्रसाद जगत, हेमराज विश्वकर्मा, पीलं सिंग, रामजी एवं समाज के मुख्य सलाहकार पति राम विश्वकर्मा एवं समाज के सदस्यगण उपस्तिथ थे। दूसरा चरण का चुनाव गरियाबंद ब्लॉक का भी हुआ। समाज सेवक कुमार विश्वकर्मा व संजय विश्वकर्मा ने समाजजनों का आभार जताया।

## उमस भरी गर्मी से लोग हो रहे बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जून का महीना यानी ज्येष्ठ अपने अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन जाते-जाते भी इसकी तपिश और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। तेज धूप और चिपचिपाती उमस ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशान अन्नदाता है। किसान टकटकी लगाए आसमान की ओर देख रहे हैं कि कब काले बादल उमड़ें और राहत की बारिश हो। खरीफ की फसलों की बुआई पूरी तरह से मानसूनी बारिश पर टिकी है, इसलिए हर गुजरते दिन के साथ किसानों की चिंताएं और गहरी होती जा रही हैं। भीषण उमस तापमान शरीर को झुलसा रहा है। तेज धूप के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा है। लोग घरों में रहने को मजबूर है। धान की नर्सरी और अन्य फसलों की बुआई के लिए मानसूनी बारिश की सख्त जरूरत है। ट्यूबवेल के भरोसे कब तक काम चलेगा, आखिरकार आस तो कुदरत की बारिश से ही है। सुखी धरती की प्यास कब बुझेगी।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता |
| सरायपाली | 3 पद | 12वीं से स्नातक |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन |
| बागबाहरा | 4 पद | 12000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, मांग व समस्याओं को भी सुना**

# मोंगरा में विधायक सिन्हा ने लगाई जन चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम मोंगरा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिस पर विधायक सिन्हा ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया है।

सबसे पहले विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम के महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। फिर उन्होंने ग्रामीणों के साथ भेंट मुलाकात की। सुबह-सुबह अपने गांव की गलियों में विधायक को पाकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जन चौपाल में गांव के बुजुर्ग, महिला, युवा सहित सभी वर्गों के सम्मानित नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं, जिन्हें उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक की संवेदनशीलता और सकारात्मक पहल से ग्रामीण गदगद हो उठे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। इसके पश्चात उन्होंने नवविवाहित बहनों को उपहार भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया तथा नवजात शिशुओं को शिशु किट का वितरण किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, माखन सिन्हा, संदीप दीवान, चुनेश्वरी साहू, कल्पना सूर्यवंशी, रिखीराम साहू सरपंच, हरेंद्र साहू सोसाइटी अध्यक्ष, राकेश ध्रुव, राजू साहू, रामेश्वर पटवा, उपसरपंच लुकेश्वरी साहू, शुभम बाग, यशवंत साहू, कोमल ध्रुव, अखिलेश तिवारी, प्रेम साहू, ठाकुर राम ध्रुव, संतोषी कन्नौजे, किरण साहू, संतोष सेन, मनोज साहू, मिलन ध्रुव, सरिता ध्रुव, हेमा ध्रुव, मनोहर ध्रुव, गजानंद साहू, गोपी कन्नौजे, सियाराम साहू, छगन लाल साहू, कमलेश नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।